e-mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

सं0सं0–03 / भू0अ0नि0(4) सं0आ0 (विविध)–06 / 2026.4136 पटना, दिनांक 25/11/2026

**आदेश**

विषय :– **श्री दीपक राज (AEN01528), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, सहरसा का संविदा समाप्त किये जाने के संबंध में।**

यह कि श्री दीपक राज (AEN01528), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, सहरसा को निगरानी विभाग ने दिनांक 03.11.2026 को रिश्वत लेते हुए पकड़ा।

2. यह कि गिरफ्तारी के आलोक में बन्दोबस्त पदाधिकारी, सहरसा का पत्रांक 945 दिनांक 04.11.2026 द्वारा अग्रेतर कार्रवाई हेतु सूचना उपलब्ध करायी गयी है।

3. यह कि निदेशालय पत्रांक 3874 दिनांक 04.11.2026 द्वारा आरोपी से स्पष्टीकरण की मांग की गयी है, जिसका प्रत्यूत्तर अप्राप्त है।

4. यह कि सरकार ने Zero Tolerance to Corruption की नीति अपनाई है।

5. यह कि श्री राज (AEN01528), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय; सहरसा का यह कृत्य सरकार के छवि को धूमिल किया है।

6. यह कि उपर्युक्त विवरणी से यह स्पष्ट होगा कि श्री राज (AEN01528), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, सहरसा दिनांक 03.11.2026 को रिश्वत लेते हुए पकड़े गये थे अर्थात इनके द्वारा पूर्व में भी ऐसा कृत्य किया जाता रहा होगा, जो पूर्णतः भ्रष्टाचार में लिप्त रहने को प्रदर्शित करता है।

अतः सम्यक विचारोपरान्त संवर्ग नियंत्री प्राधिकार को यह समाधान हो गया है कि श्री राज (AEN01528), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, सहरसा संविदा में बने रहने लायक नहीं है और उनकी संविदा अब सरकार के लिए लोक–उपयोगी नहीं रह गयी है।

अतः संविधान के अनुच्छेद 311(2) में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए मैं संतुष्ट हूँ कि श्री दीपक राज (AEN01528), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, सहरसा संविदा में बने रहने लायक नहीं है एवं बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली, 2019 (यथासंशोधित नियमावली 2022) के कंडिका–8(4) के आलोक में श्री दीपक राज (AEN01528), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, सहरसा का संविदा नियोजन गिरफ्तारी की तिथि यथा 03.11.2026 से समाप्त किया जाता है।

(सुहर्ष भगत) 25/11/26
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03 / भू0अ0नि0(4) सं0आ0 (विविध)–06 / 2026.4136 **पटना, दिनांक** : 25/11/2026

**प्रतिलिपि** : श्री दीपक राज (AEN01528), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, सहरसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक** 25/11/26
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03 / भू0अ0नि0(4) सं0आ0 (विविध)–06 / 2026 4136 **पटना, दिनांक** : 25/11/2026

**प्रतिलिपि** : बन्दोबस्त पदाधिकारी, सहरसा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

**निदेशक** 25/11/26

भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांक** : 03 / भू0अ0नि0(4) सं0आ0 (विविध)–06 / 2026 4136 **पटना, दिनांक** 25/11/2026

**प्रतिलिपि** : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं इसकी स्कैन कॉपी R2R अन्तर्गत संधारित संविदा कर्मियों के व्यक्तिगत संचिका में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

**निदेशक** 25/11/26

भू–अभिलेख एवं परिमाप